Bachelor of Science (B.Sc.) (PART-I) / B.Sc. (Information Technology) /
Bachelor of Computer Application (SCI) (CBCS Pattern) Second Semester

**UCA2F01 / UBITT202.3 / UBCAT202.3 – Compulsory Hindi**

P. Pages : 2
Time : Three Hours

**GUG/W/18/10920**
Max. Marks : 80

---

सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी भी एक** प्रश्न का निबंधात्मक उत्तर लिखिए। **10**

1) शरद जोशी ने ''अफसर'' पाठ के आधार पर प्रशासन की नाव किस प्रकार चलाने की कोशिश की? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

2) ''अग्नि की उड़ान'' इस पाठ के माध्यम से ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने किन - किन चीजों का परिचय करवाया, स्पष्ट कीजिए।

**2.** **किसी भी एक** ही समूह के सभी प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **20**

**समूह ''अ''**

क) ''रेत का घर'' इस शीर्षक की सार्थकता को सिध्द कीजिए।

ख) सोमाबुआ का चरित्र - चित्रण कीजिए।

ग) समय की रफ्तार दिन - दिन तेज होती जा रही है ------ इतनी तेज ---- मनुष्य की सोच से कई गुणा ज्यादा ------ ''मधु धवन'' ने समय की रफ्तार का किस तरह वर्णन किया है? स्पष्ट कीजिए।

घ) 21 नवंबर, 1963 को भारत का 'नाइक - अपाची' नाम का पहला रॉकेट छोड़ा गया। इसके बारे में संक्षेप में जानकारी दीजिए।

**अथवा**

**समूह ''ब''**

च) बीसवी सदी में भारतीय रॉकेटों के विकास को टिपू सुल्तान के अठारवी सदी के सपने को साकार होने के रुप में देखा जा सकता है? इस वाक्य का स्पष्टीकरण कीजिए।

छ) कितने अफसर आये और चले गये, कितनी कुर्सियाँ उनके वजन से चरमराकर टूँटी और फेक दी गयी, पर वजन नहीं रहा, फाइलें उसी तरह बनती और विकसित होती रही। अफसर जाता है, पर अफशरी बनी रहती है, वह एक आत्मा है? इस वाक्यांश को सिध्द कीजिए।

ज) कान्ट्रेक्ट विवाह याने क्या? कान्ट्रेक्ट विवाह के प्रति अमन के विचारों को विस्तार पूर्वक व्यक्त कीजिए।

झ) संजय और शालिनी में आये दिन किस चीज को लेकर तकरार होती थी। स्पष्ट कीजिए।

munotes.in

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी भी** एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। **10**

1) सूरदास जी के बाल - लीला कविता के पठित पदों के भावार्थ को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

2) कवि उदयशंकर भट्ट पथिक को क्या संदेश दे रहे है? विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

**4.** **किसी एक** समूह के सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **20**

**समूह ''क''**

त) रहिम के दोहे को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

थ) मन आजाद नहीं है। कविता के भावार्थ को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

द) माता यशोदा द्वारा कृष्ण को सुलाने के मनोहारी दृश्य का वर्णन कीजिए।

ध) यशोधरा को अपने स्वामी से किस तरह की शिकायत है, और क्यों?

**अथवा**

**समूह ''ख''**

प) पूतना ने क्या कपट किया और उसका क्या परिणाम हुआ।

फ) कवि रहिम पानी के बारे में हमें क्या संदेश देना चाहते है? स्पष्ट कीजिए।

ब) कवि उदय शंकर भट्ट पथिक को किस ओर प्रेरित कर रहे है?

भ) पति के सिध्दि मार्ग पर जाने के बाद क्या सोचकर यशोधरा को संतोष होता है?

**5.** अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी भी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **10**

1) आपको अपनी फर्म की अकाऊंटिंग कराना है। इस संबंध में अकाऊंटिंग ग्रुप को पत्र लिखिए।

**अथवा**

2) सुमित ग्लास इंडस्ट्रिज कोलकत्ता को एक पत्र लिखिए जिसमें उनके द्वारा भेजे गए सामान की टूट-फूट का उल्लेख किया गया हो तथा नुकसान भरपाई का दावा किया गया हो

ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **10**

1) अँग्रेजी से हिंदी प्रशासनिक पारिभाषिक शब्दों को लिखिए।
a) Administration b) Commission
c) Auditor d) Chancellor

2) हिंदी से अँग्रेजी में प्रशासनिक पारिभाषिक शब्दों को लिखिए।
a) नियुक्ति b) संहिता
c) अनुशासन d) अनौपचारिक

3) देवनागरी लिपि की विशेषताएँ लिखिए।

4) कंम्प्यूटर की संरचना स्पष्ट कीजिए।

5) कंम्प्यूटर में हिंदी का अनुप्रयोग का वर्णन कीजिए।

********************

munotes.in